दैनिक भास्कर 24/12/2019

15 फरवरी तक तैयार हो जाएगा डीएवीवी के आईईटी का होस्टल, वाई-फाई होगा पूरा कैंपस

100 छात्र रह सकेंगे, पीएचडी और एमफिल शोधार्थियों के लिए बनेंगे स्टडी रूम

भास्कर संवाददाता | इंदौर

देवी अहिल्या यूनिवर्सिटी के आईईटी (इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेकनोलॉजी) का इंटरनेशनल स्तर का होस्टल 15 फरवरी तक बनकर तैयार हो जाएगा। ये होस्टल 100 बेड का होगा। इसका काम तेजी से चल रहा है। नए सत्र से छात्र इसमें रह सकेंगे।

यूनिवर्सिटी प्रबंधन के मुताबिक होस्टल में कई सुविधाएं छात्रों के लिए रहेंगी। सबसे बड़ी खासियत ये है कि होस्टल कैंपस वाई-फाई रहेगा। पीएचडी, एमफिल छात्रों के लिए स्टडी रूम बनेंगे। कमरे लक्जरी होंगे, ताकि विदेशी छात्र भी यहां रह सकें। फिलहाल यूनिवर्सिटी के पास मॉर्डन होस्टल नहीं है। रूसा (राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान) के तहत सात करोड़ रुपए की लागत से ये होस्टल तैयार किया जा रहा है। इसमें आईईटी के ही 100 छात्र रहेंगे। आईईटी के डायरेक्टर संजीव टोकेकर के अनुसार 15 फरवरी तक होस्टल का काम पूरा कर लिया जाएगा। इसमें उन सारे मापदंड का पालन किया जाएगा जो अंतरराष्ट्रीय के लिए जरूरी है।

दो बड़े हॉल बनेंगे, सुरक्षा के लिए बाउंड्रीवॉल भी रहेगी

होस्टल में दो बड़े हॉल के साथ स्टडी रूम रहेंगे। इसके अलावा मैस, सुरक्षा गार्ड के लिए रूम भी बनाए जाएंगे। होस्टल परिसर को बाउंड्रीवॉल बनाकर सुरक्षित भी किया जा रहा है। इसके अलावा छात्रों के लिए पढ़ाई संबंधी अन्य सुविधाएं भी होस्टल परिसर में ही रहेंगी।

होस्टल की छत पर सोलर पैनल और वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी

होस्टल में छत पर जरूरत के मुताबिक सोलर पैनल लगाए जाएंगे। इसके अलावा वॉटर हार्वेस्टिंग सिस्टम भी बिल्डिंग में लगाए जाएंगे ताकि पानी सहेजा जा सके। ये इसलिए भी अहम है क्योंकि यूनिवर्सिटी के 11 होस्टल चल रहे है। उनमें हर साल गर्मी में पानी का संकट रहता है। हर साल होस्टल में पानी की कमी के कारण हंगामा भी होता है।

ये भी रहेगी खासियत

- होस्टल परिसर में वॉटर कूलर कई जगह लगेंगे।
- सभी कक्ष में एसी रहेगा। मिनी लाइब्रेरी भी रहेगी।
- सीसीटीवी पूरे परिसर में लगाए जाएंगे।